# मीरजापुर पुलिस

—प्रेस नोट—

दिनांकः 01.08.2025

**थाना मड़िहान पुलिस टीम द्वारा लूट के अभियोग से सम्बन्धित अभियुक्त पुलिस मुठभेड़ में घायल/गिरफ्तार, कब्जे से एक अदद अवैध तमंचा व कारतुस तथा घटना में प्रयुक्त मोटसाइकिल बरामद-**

वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक मीरजापुर 'सोमेन बर्मा' द्वारा जनपद में अपराध की रोकथाम एवं अपराधियों की धरपकड़ तथा लूट - छिनैती जैसी संगीन अपराधों में संलिप्त अभियुक्तों के विरुद्ध प्रभावी कार्यवाही में अभियुक्तों की गिरफ्तारी हेतु जनपद के समस्त प्रभारी निरीक्षक / थानाध्यक्ष को निर्देश दिया गया है ।

उक्त निर्देश के अनुक्रम में आज दिनांकः01.08.2025 को थाना मडिहान पुलिस टीम को बड़ी सफलता हाथ लगी है । थाना मड़िहान पर पंजीकृत मु0अ0सं0 236/2025 धारा 309 (4) बीएनएस से सम्बन्धित वांछित अभियुक्त देवराज यादव पुत्र रामरक्षा यादव निवासी ग्राम ददरा थाना राजगढ़ जनपद मीरजापुर को थाना मड़िहान क्षेत्रांतर्गत राजापुर ढेकवाह जंगल के पास से दौरान पुलिस मुठभेड़ में गिरफ्तार किया गया । दौराने गिरफ्तारी अभियुक्त व इसके साथी सह-अभियुक्त बबलू यादव उर्फ अजय यादव पुत्र बजट यादव और मनोज कुमार पुत्र लवकुश निवासीगण ग्राम ददरा थाना राजगढ़ मीरजापुर द्वारा गिरफ्तारी से बचने हेतु पुलिस टीम पर फायरिंग कर भागने का प्रयास किया गया । पुलिस टीम के द्वारा आत्मरक्षार्थ की गयी कार्यवाही में अभियुक्त देवराज यादव उपरोक्त के पैर में गोली लगी । पुलिस मुठभेड़ में घायल/गिरफ्तार अभियुक्त को पुलिस अभिरक्षा में इलाज हेतु सीएचसी मड़िहान भिजवाया गया है । जबकि शेष दो वांछित अभियुक्त बबलू यादव उर्फ अजय यादव व मनोज कुमार रात्रि व जंगल का फायदा उठाकर भागने में सफल रहे । गिरफ्तार अभियुक्त देवराज यादव उपरोक्त के पास से घटना में प्रयुक्त 01 अदद अवैध तमंचा 315 बोर मय 01 अदद जिन्दा व 02 अदद खोखा कारतूस व घटना में प्रयुक्त सुपर स्पलेन्डर मोटर साइकिल संख्याः UP 63 AX 7437 तथा लूट की गयी 4500 रुपये बरामद किया गया । उक्त पुलिस मुठभेड़ व गिरफ्तारी बरामदगी के सम्बन्ध में थाना मड़िहान पर अभियोग पंजीकृत कर नियमानुसार अग्रिम विधिक कार्यवाही की जा रही है ।

**नाम पता गिरफ्तार अभियुक्त-**

देवराज यादव पुत्र रामरक्षा यादव निवासी ग्राम ददरा थाना राजगढ़ जनपद मीरजापुर, उम्र 30 वर्ष ।

**विवरण बरामदगी-**

1.घटना में प्रयुक्त 01 अदद अवैध तमंचा 315 बोर मय 01 अदद जिन्दा व 02 अदद खोखा कारतूस ।
2.घटना में प्रयुक्त सुपर स्पलेन्डर मोटर साइकिल संख्याः UP 63 AX 7437 ।
3.लूट की गयी 4500 रुपये तथा कुछ महत्वपूर्ण दस्तावेज ।

आपराधिक इतिहास-

1. मु0अ0सं0 60/2018 धारा 379, 411 भादवि थाना मड़िहान जनपद मीरजापुर।
2. मु0अ0सं0 61/2018 धारा 379, 411 भादवि थाना मड़िहान जनपद मीरजापुर।
3. मु0अ0सं0 156/2018 धारा 41, 411 भादवि थाना मड़िहान जनपद मीरजापुर।
4. मु0अ0सं0 160/2021 धारा 147, 148, 302, 84 भादवि थाना मड़िहान जनपद मीरजापुर।
5. मु0अ0सं0 227/2017 धारा 22, 8 स्वपक औषधि एवं मनः प्रभावकारी पदार्थ थाना मड़िहान जनपद मीरजापुर।
6. मु0अ0सं0 51/2025 धारा 60 आबकारी अधिनियम थाना मड़िहान जनपद मीरजापुर।
7. मु0अ0सं0 236/2025 धारा 309 (4) बीएनएस थाना मड़िहान जनपद मीरजापुर।

गिरफ्तारी व बरामदगी करने वाली पुलिस टीम-

प्रभारी निरीक्षक बालमुकुन्द मिश्रा, थाना मड़िहान मय पुलिस टीम थाना मड़िहान जनपद मीरजापुर।

************